### चरगवां क्षेत्रातंर्गत मयंक वेयर हाउस में भोपाल से पहुंची टीम कर रही पड़ताल

# गेंहू की जगह बोरियों से निकल रही मिट्टी!

हरिभूमि,जबलपुर।

चरगवां क्षेत्रातंर्गत मयंक वेयर हाउस का प्रकरण एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। दरअसल सात महिने बाद वेयर हाउसिंग कारपोरेशन भोपाल की एक टीम वेयर हाउस के गोदाम नंबर 14 पर धमकी और गोदामों में रखे स्टैक की पड़ताल शुरु कर दी। टीम उस वक्त हैरत में पड़ गई जब गेंहू के स्टैक को हटवाते हुए उनको खुलाया गया तो गेंहू की जगह करीब 300 सिली हुई बोरियों (तकरीबन साढ़े 4 हजार क्विटंल) में मिट्टी रखी पाई गई। इतना ही नहीं स्टॉक में रखी करीब 8 हजार बोरी गेंहू भी कम पाया गया। प्रारंभिक पड़ताल में ही फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद टीम ने गोदाम में रखे चने और धान के हर स्टैक को बारिकी से खंगालना शुरु कर दिया है। गौरतलब हैं कि मई माह में मयंक वेयर हाउस के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए न सिर्फ ब्लैक लिस्टेड किया था बल्कि एक गोदाम को सील करते हुए संचालक नरेन्द्र तोमर समेत दो अन्य पर एफआईआर दर्ज कराई थी।



**सूचना के बाद नहीं पहुंचा संचालक, दबाव बनाने कर दी शिकायत**

### ऊंचा दिखाने आड़ी की जगह लगाई खड़ी बोरियां

सूत्रों के मुताबिक बताया जाता हैं कि पड़ताल करने गई टीम जब गोदाम के अंदर पहुंची तो स्टैक की ऊंचाई दिखाने के लिए मिट्टी से भरी बोरियों को खड़ी पाया गया। शंका होने पर जब स्टैक को उतारा गया और बोरियों को खंगाला तो टीम भी फर्जीवाड़ा देख कर चकरा गई। हालांकि मौके पर पहुंचे वेयर हाउस संचालक तोमर और उसकी पत्नी ने टीम पर दबाव बनाने के लिए कई जतन किए मगर वह सब धरे के धरे रह गए।

### अधिकारियों पर उठे सवाल

गौरतलब हैं कि सात माह पूर्व हजारों क्विटंल अनाज की हेराफेरी का मामला सामने आया था। उस वक्त मध्य प्रदेश वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कारपोरेशन के अधिकारियों द्वारा सिर्फ एक गोदाम को सील किया गया था जबकि नरेन्द्र तोमर के पास तीन गोदामों में शासकीय अनाज रखा था। आखिर अधिकारियों द्वारा दो अन्य गोदामों में रखे अनाज को क्यों नही उठाया गया। क्यों मयंक वेयर हाउस के संचालक नरेन्द्र तोमर, पत्नी रेणू तोमर की गोदामों में अनाज का भंडारण अभी तक है। इस प्रकार अनेक सवाल जिनका जवाब अधिकारियों को आज नहीं तो कल देना होगा।

### सूचना देने के बाद खुलवाया गया ताला

भोपाल से आई टीम ने बताया कि मयंक वेयर हाउस के संचालक नरेन्द्र तोमर, उसकी पत्नी रेणू तोमर को पहले ही गोदाम की जांच करने संबंधी सूचना दी गई थी। बावजूद इसके वह सामने नहीं आए और अनावश्यक दबाव बनाने के लिए झूठी शिकायत दे रहे है, जबकि सूचना देने के बाद भी कोई वेयर हाउस संचालक जांच में सहयोग नहीं करता तो जांच टीम को अधिकार है कि वह पंचनामा बनाते हुए गोदाम की जांच कर सकती है।

#### इनका कहना है

मयंक वेयर हाउस की जांच के लिए चार सदस्यीय टीम पहुंची है। प्रारंभिक जांच में गेंहू के स्टैक में मिट्टी से भरी बोरियां के अलावा धान की बोरियां भी रखी पाई गई है। इसके अलावा चना और धान का स्टैक की भी जांच कराई जा रही है।

**-रामकुमार सक्सेना, तकनीकी अधिकारी वेयर हाउसिंग कारपोरेशन**

चूंकि प्रकरण बहुत हाईप्रोफाईल है इसलिए फोन पर जानकारी देना उचित नहीं होगा। आप चरगवां आए पूरा विस्तृत ब्यौरा आपको उपलब्ध कराया जाएगा।

**-रजनीश मिश्रा, प्रभारी चरगवां थाना**



## विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारम्भ आज

### कलेक्टर-एसपी ने लिया जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा

**जबलपुर**। कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन एवं पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने शुक्रवार को ग्वारीघाट रोड पर बिग बाजार के समीप स्थित मैदान पहुँचकर यहाँ विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन की चल रही तैयारियों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान करने जरूरी दिशा-निर्देश दिये । इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त स्वप्निल वानखड़े एवं जिला पंचायत की सीईओ जयति सिंह एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। ज्ञात हो कि केंद्र शासन की योजनाओं का शेष रह गये सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रदेश के साथ-साथ जबलपुर जिले में भी शनिवार 16 दिसम्बर से प्रारम्भ होगी । जिले में यात्रा का शुभारम्भ शनिवार को दोपहर तीन बजे जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्वारीघाट रोड पर बिग बाजार के समीप स्थित मैदान पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम से किया जायेगा । इसके पहले कार्यक्रम में आमंत्रित सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्वारीघाट में मां नर्मदा की पूजा अर्चना की जायेगी । विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 दिसम्बर से 26 जनवरी तक जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में निकाली जायेगी । इस दौरान केंद्र शासन की चिन्हित योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को दिलाया जायेगा । यात्रा के साथ चल रही एलईडी स्क्रीन से सुसज्जित मोबाइल वेन के माध्यम से केंद्र शासन की योजनाओं तथा देश में हुये विकास की जानकारी भी आम लोगों को दी जायेगी। यात्रा के शुभारम्भ पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण भी होगा ।

## अकादमिक गुणवत्ता वृद्धि के लिए होगा स्कूलों का सतत निरीक्षण: सीईओ जिला पंचायत

**जबलपुर**। पंडित लज्जाशंकर झा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल हाईस्कूल शुक्रवार को जिले में पदस्थ सभी जनशिक्षक बीएसी, बीआरसी, बीईओ, जनशिक्षा केंद्र प्रभारियों की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मती जयति सिंह ने सभी को स्कूलों के सतत निरीक्षण करने एवं निरीक्षण रिपोर्ट को प्रति दिवस गूगल फॉर्म के माध्यम से अपलोड करने निर्देशित किया । उन्होंने कहा कि स्कूल परीक्षा परिणाम में सुधार लाने हेतु कार्य योजना बनाकर कार्य करना होगा । शिक्षक पूरे समय विद्यालय में उपस्थित रहें, शतप्रतिशत



विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये एवं कार्ययोजना अनुसार अध्यापन कराया जाये।

सीईओ जिला पंचायत ने शिक्षकों से शेष रह गये पाठ्यक्रम को अतिशीघ्र पूर्ण करने कहा । उन्होंने कहा कि स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाओं और कालखंडो का आयोजन किया जाये, पाठ्यक्रमानुसार दिनांकवार और विषयवार कार्ययोजना अनिवार्य रूप से लगी हो। मती सिंह ने कहा कि आगामी दिवसों में शालावार जनशिक्षा केंद्रवार ब्लॉकवार सतत समीक्षा भी की जायेगी । बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, प्राचार्य डाइट सुधीर उपाध्याय एवं डीपीसी जिला शिक्षा केन्द्र योगेश शर्मा भी उपस्थित थे ।

## मदन महल एवं कछपुरा में सुविधाओं का औचक निरीक्षण

**जबलपुर**। मदन महल स्टेशन पर यात्रियों एवं कछपुरा गुड शेड में माल परिवहन के लिए व्यापारियों को उपलब्ध सुविधाओ का पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (पी.सी.सी.एम.) ओम प्रकाश ने औचक निरीक्षण किया। मदन महल स्टेशन पर उन्होंने स्टेशन पर किये जा रहे मेजर अप ग्रेडेशन के कार्ये को देखकर इसे समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ करने का निर्देश दिया. प्रकाश ने मदन महल की साफ - सफाई, खाद्य सामग्री, एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के साथ ही यात्री सुविधायो को देखकर संतोष व्यव्त किया. मदन महल के निरक्षण के उपरांत पी.सी.सी.एम. ओम प्रकाश ने कछपुरा गुड शेड में माल परिवहन के कार्ये का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने व्यापारियों एवं मॉल लदान -उतरान के कार्य करने वाले लेबरो से चर्चा करके उन्हें उपलब्ध सुविधायो की जानकारी ली. इस निरीक्षण के अवसर पर सीनियर डी.सी.एम. विश्व रंजन, सहायक वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश कुमार नायक सहित अनेक पर्वेक्षक आदि भी उपस्थित थे।

### गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर होकर चलेगी

## बनारस-कन्याकुमारी के बीच नई ट्रेन चलेगी



जबलपुर

पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर से होकर शीघ्र ही कन्याकुमारी से बनारस के बीच एक नई ट्रेन की सौगात मिलने वाली है। यह नई साप्ताहिक ट्रेन बल्लारशाह, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी, सतना होकर चलेगी। रेलवे बोर्ड जल्द ही इस ट्रेन का उद्घाटन करेगा। हालांकि इस नई ट्रेन की समय सारिणी जारी कर दी गई है।d इस नई ट्रेन का नाम काशी तमिल संगम एक्सप्रेस रखा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह गाड़ी संख्या 16367 कन्याकुमारी.बनारस एक्सप्रेस प्रारंभिक स्टेशन कन्याकुमारी से गुरुवार के दिन 8.55 बजे चलेगी, जो 4 बजे गुडूर, 1.44 बजे सिरपुर, 4.05 बल्लारशाह पहुँचेगी। यहां से रवाना होने के बाद 7.35 बजे गोंदिया पहुंचेगी, यहां 10 मिनट रुकने के बाद 7.45 बजे रवाना होगी और 1 बजे जबलपुर पहुँचेगी। यहां से दस मिनट बाद रवाना होते हुए देर रात्रि 11.35 बजे बनारस पहुंचेगी।

वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 16368 बनारस से हर रविवार को अपरान्ह 4.55 बजे रवाना होगीए जो अगले दिन तड़के 3.30 बजे जबलपुर पहुंचेगी, जहां से 10 मिनट बाद रवाना होकर सुबह 8.03 बजे गोंदिया पहुंचेगी और मंगलवार की रात्रि 8.55 बजे कन्याकुमारी पहुंचेगी।

#### इन स्टेशनों पर रहेगा हाल्ट

नागरकोइल, तिरुनेलवेली, विरुदुनगर, मदुरै, डिंगीडुल, तिरुचिरापल्ली, तंजावुर, कुंबकोनम, मैलादूतुराई, सिरकाजी, चिदंबरम, कुड्डालोर पोर्ट, विल्लुपुरम, चैंगलपट्टू, कोंचीपुरम, आराक्कोरनम, पेरम्बुर, नेल्लोर, ओंगल, तेनाली, विजयवाडा, खम्मम, वारंगल, सिरपुर, खागाजनगर, बल्लारशाह, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी और वाराणसी।

## इटारसी-सतना शटल पुन प्रारंभ करने की मांग

### रेल उपयोगकर्ता समिति की बैठक

जबलपुर।

जबलपुर रेल मंडल की रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति (डीआरयूसीसी) की 150वीं बैठक शुक्रवार को मंडल कार्यालय में आयोजित की गयी। इस बैठक में मंडल के 12 सदस्यों ने उपस्थित होकर अपने अपने क्षेत्रो के रेल यात्रियों से सम्बंधित सुझाव प्रस्तुत किये इस दौरान सदस्यों ने अमृत भारत स्टेशन योजना के लिए स्टेशनों पर किये जा रहे पुनर्विकास के कार्ये तथा पार्किंग जैसे दुरूह कार्य में हुए सुधार के लिए रेल प्रशासन की प्रशंसा की। बैठक के प्रारंभ में समिति के अध्यक्ष मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील ने समिति के सदस्यो का पुष्प गुच्छ देकर मंडल की तरफ से स्वागत किया. बैठक को संबोधित करते हुए शील ने सदस्यों से प्राप्त होने वाले सुझावों को मंडल में यात्री सुविधाओ के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि इन सुझावों से मंडल बहु आयामी विकास अवं उच्च स्तरीय मानक प्राप्त करेगा. बैठक में समिति के सचिव सीनियर डी सी एम राजेश शर्मा ने पॉवर पॉइंट के द्वारा मंडल में यात्री सुविधाओ



की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की. इस अवसर पर बैठक में समिति के जबलपुर के सदस्य बलराम जिग्यासी ने मैहर स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने पर एवं मैहर स्टेशन पर नवरात्रि मेला में 17 जोड़ी गाड़ियों के ठहराव के लिए रेलवे प्रशासन का धन्यवाद दिया। समिति के सदस्य कमल नयन काबरा ने पिपरिया के रिटायरिंग रूम को वातानुकूलित करने, आसनसोल - सीएसटीएम, पटना- वास्कोडिगामा एक्सप्रेस को पिपरिया स्टेशन पर स्टॉपेज एवं जबलपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस को मैसूर तक बढ़ाने,जबलपुर के निखिल अरुण देशकर ने मदन महल में लगने वाले लिफ्ट एवं एस्केलेटर यात्री सुविधाओं के लिए रेलवे की प्रशंसा की।. सीधी के सुधीर शुक्ला ने रीवा स्टेशन पर दिव्यांग जन एवं यात्रियों की सुविधा हेतु बैटरी कार चलाने की, रीवा के शंकर साहनी ने रीवा से मुंबई ट्रेन न.02197 को प्रतिदिन चलाने, कटनी के आशीष गुप्ता ने कटनी जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 5 में सभी श्रेणियों के यात्री प्रतीक्षालय बनवाने, दमोह की श्रीमती मनोरमा रतले ने दमोह में आरपीएफ एवं जीआरपी स्टाफ बढ़ाने , प्लेटफार्म में जमा होने वाली भीड़ को रोकने का सुझाव दिया.कटनी के हरि शंकर शुक्ल ने मुडवारा स्टेशन के यात्री प्रतीक्षालय को वातानुकूलित करने, यात्री सुरक्षा हेतु पुलिस बल बढ़ाने का कटनी के ही मारूफ अहमद हनफी ने रेलवे स्टेशन के आगे अंडर ब्रिज और पंप हाउस के बीच रोड बनाने का एवं मदन महल के राघवेन्द्र सिंह पटेल ने करोना काल से बंद इटारसी -सतना शटल ट्रेन को पुन प्रारंभ करने, मदन महल स्टेशन पर व्यवस्थित ऑटो स्टैंड का सुचारू संचालन किया जाए। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील सहित शाखा अधिकारी सर्व राजेश शर्मा एवं अन्य रेलवे कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### बैठक न होने से सोशल मीडिया पर निकल रही भड़ास

## नगर कांग्रेस में उठी संगठन को मजबूत करने की मांग

जबलपुर।

हार पर मंथन की आवाज नगर कांग्रेस में अब मुखर हो रही है। नये सिरो से चिंतन की फिक्र युवा कांग्रेसियों से लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं में नजर आ रही है। लेकिन जिम्मेदारों और पदाधिकारियों की सतह पर कांग्रेस में मौन है। जिससे कांग्रेस में जमीनी सतह पर बेचैनी बढ़ रही है। पार्टी की बैठक न होने से समर्पित कार्यकर्ता अब सोशल मीडिया पर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। तो दूसरी तरफ इस्तीफों का दौरा चल रहा है। पार्टी की जमीनी स्थिति से परेशान और पार्टी की ऊपर लाने के लिये फिक्रमंद नेता, अब पार्टी पदाधिकारियों की तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं। वो जानना चाहते हैं कब जबलपुर कांग्रेस गंभीर होगी, कब जबलपुर कांग्रेस में मंथन शुरु होगा, कब यहां संगठन को मजबूत करने के प्रयास होंगे। जिससे हौसला खोते युवा कार्यकर्ता और हताश होते वरिष्ठों में उम्मीद का संचार होगा।

इसी क्रम में कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश महासचिव सतीश तिवारी ने नगर अध्यक्ष एवं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू को पत्र लिखकर इस दिशा में ध्यान आकर्षित कराया है। श्री तिवारी ने कहा है कि नगर निगम चुनाव में शानदार वापसी करने वाली कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में जिस शर्मनाक नतीजों का सामना करना पड़ा है, वो चिंता से अधिक चिंतन का विषय है। विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद से पार्टी के तरफ कोई संगठन को मजबूत करने अब तक कोई कदम नहीं उठाए गये हैं। जिससे आज कांग्रेस में विशेषकर युवा कांग्रेसियों में हताशा बढ़ा रही है। उन्होंने कहा है कुछ महीनों बाद लोकसभा चुनाव हैं, यदि संगठन स्तर पर गंभीरता नहीं दिखाई गई तो फिर नकरात्मक नतीजों का सामना करना पड़ सकता है। श्री तिवारी ने कांग्रेस और उसके सभी मोर्चा प्रकोष्ठों की बैठक बुलाने की मांग नगर संगठन से की है।

### सोशल मीडिया पर भिड़ रहे कांग्रेस जन

नतीजों के बाद कांग्रेस जनों के दिल में दर्द और शिकायत है, लेकिन कांग्रेस की तरफ से बैठक नहीं करने और उनकी बात नहीं सुनने से अब यह दर्द और शिकायत भड़ास बन कर सोशल मीडिया पर निकल कर सामने आ रहा है। वाट्सअप ग्रुपों में कांग्रेस जन आपस में भिड़ रहे हैं, आरोप प्रत्यारोप कर रहे हैं। जिससे पहले से कमजोर कांग्रेस का अनुशासन और अधिक कमजोर हो रहा है। वहीं फेसबुक पर कई प्रमुख कांग्रेस नेता खुले तौर पर अलग अलग तरह के आरोप अपनी ही पार्टी पर लगा चुके हैं।

### दोषी पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई

## भाजपा नेता प्रियांश विश्वकर्मा की जमानत अर्जी खारिज

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने बहुचर्चित वेदिका ठाकुर हत्याकांड के आरोपी भाजपा नेता प्रियांश विश्वकर्मा की जमानत अर्जी खारिज कर दी। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने आईजी-डीआईजी व पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि



एफआईआर नहीं लिखने वाले दोषी पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करें। कोर्ट ने कहा कि समय पर एफआईआर दर्ज हो जाती तो एक मासूम की जान को बचाया जा सकता था। कोर्ट ने उन अस्पतालों के खिलाफ भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए जिन्होंने पुलिस केस की सूचना संबंधित थाने में नहीं दी।प्रियांश ने हाईकोर्ट में जमानत आवेदन पेश कर कहा कि वह 19 जून 2023 से जेल में बंद है। आरोपी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल खरे ने दलील दी कि मृतिका ने अपने बयान में खुद यह कहा है कि बंदूक खराब थी, प्रियांश ने उसे लोड की और मिसफायर होकर उसे लगी। तर्क दिया गया कि प्रियांश का देविका की हत्या करने का इरादा नहीं था। उसने ही देविका का इलाज कराया और उसके रिश्तेदारों को सूचना दी।वहीं आपत्तिकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त ने जमानत का विरोध करते हुए तर्क दिया कि मृतका ने अपने बयान में कहा कि प्रियांश ने ही बंदूक में कारतूस डाले और फायर किया। घटना स्थल पर बुलेट के 4 मार्क्स पाए गए जो इंगित करते हैं कि आरोपी ने मारने के इरादे से कई फायर किए होंगे। अभिषेक झारिया ने भी अपनी गवाही में कहा कि घटना से पहले प्रियांश और वेदिका के बीच लड़ाई हुई थी। यह दलील भी दी गई कि गोली लगने के बाद आरोपी पीड़िता को घुमाता रहा और शाम को एक बीएमएचएस डॉक्टर के यहां इलाज के लिए ले गया, जबकि घटनास्थल से दो सौ मीटर की दूरी पर मेडिकल कॉलेज मौजूद था। शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता अक्षय नामदेव ने पक्ष रखा।

## शारदा मंदिर वार्ड दो में आयोजित किया जा रहा देवी महापुराण

# आशक्ति का त्याग कर भक्ति पथ की ओर बढ़े : नरसिंह दास





**सिहोरा।** नृसिंह पीठाधीश्वर श्री नरसिंह दास जी महाराज ने शारदा मंदिर वार्ड क्रमांक दो में शिव शक्ति महिला मंडल के तत्वावधान में चल रहे श्रीदेवी महापुराण की महिमा का बखान करते हुए पंचम दिवस व्यासपीठ से कहा आदिशक्ति पराम्बा मां के तत्व की विवेचना करते हुए कहा कि परमात्मा की स्व रुपणी महाशक्ति ही विविध शक्तियों के रूप में सर्वत्र क्रीडा करती है। हमारे आपके शरीर में जिस शक्ति का संचरण होता है उसमें उसी परम शक्ति की प्रत्यक्ष कृपा है,शक्ति हीन मनुष्य का कहीं भी आदर नही होता,ध्रुव व प्रहलाद भक्ति शक्ति के कारण पूजित है,ब्रज गोपियों प्रेम शक्ति है इसी तरह शक्ति के अनेक रूप है। आगे स्वामी जी ने कहा कथाएं तो अनन्त है पर इन सभी का सार यह है कि हमें संसार की आशक्ति का त्याग कर वैराग्य और भक्ति पथ की ओर प्रवृत्त होना चाहिए। असुर गण अपने तपोबल से बरदान प्राप्त कर जब देवी शक्तियों पर अत्याचार करते है तभी यह परम शक्ति प्रगट होकर उनका अन्त करती है रूद्र नामक दैत्य का पुत्र दुर्गम के जब देवताओं की परम शक्ति वेदों को नष्ट करने और अधर्म की स्थापना करना चाहता है तब माँ ने देवताओं की शक्ति पंडा से प्रगट होकर उद्धार किया तभी माँ आदिशक्ति का नाम दुर्गा हुआ। व्यासपीठ का पूजन अनेक यजमान गणों द्वारा किया गया।




# किसान सम्मेलन में सम्मानित किए गए युवा कृषक

**पाटन।** क्षेत्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र नागपुर के संयोजन में जबलपुर के शाहपुरा तहसील के मेरे गांव में किसान सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश आनंद गिरि महाराज जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र जामदार एवं नवनिर्वाचित क्षेत्रीय विधायक नीरज सिंह, जैविक कृषि से जुड़े किसान को सम्मानित किया। जिसमे पाटन के युवा किसान रामराजा यादव रामनारायण सिंह को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक सहित जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक रवि बर्मन जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी नवांकुर संस्था प्रतिनिधि नितिन विश्वकर्मा मेंटर कामता प्रसाद कमल झरिया सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## ठा. भूपति सिंह व्यक्ति नहीं एक संस्था थे अनूठा था उनका व्यक्तित्व

**पाटन।** स्मृति शेष ठाकुर भूपति सिंह जी एक व्यक्ति नहीं,एक पुरी संस्था थे, वे विशेष प्रतिभा सम्पन्न प्रभावी काया के धनी थे। उनका व्यक्तित्व अपने-आप उनका परिचय दे देता था. केवल म प्र में ही नहीं बल्कि हिन्दी भाषी प्रदेशों में रहने वाले साहित्य, शिक्षा, और अध्यात्म क्षेत्र के उनको जानने वाले प्रेमिजन आज भी उन्हें अपनी स्मृतियों में बसाये हुए हैं उनकी जन्म भूमि पाटन उनके नाम से जानी जाती है, यह पहचान हम पाटन वासियों को गौरवशाली बनाये हुए है उक्त आशय के उदगार राष्ट्रपति. सम्मान से विभूषित आदर्श शिक्षक, प्रतिष्ठित साहित्यकार, प्रसिद्ध सांई भक्त, स्व ठाकुर भूपति सिंह के 96वें जन्मदिवस समारोह में कही। इस अवसर पर पूर्व संकुल प्राचार्य विमल जैन, न परि अध्यक्ष आचर्य जगेन्द्र सिंह, पं रामविनय करसौलिया, विद्या भारती के राघवेन्द्र शुक्ल,अभिनन्दन सांधेलिय, कृष्णा प्रसाद बेहूरे, आदि ने व्यक्त किये।



# विक्टोरिया अस्पताल में युवती को टॉयलेट में किया बंद

**जबलपुर।** विक्टोरिया अस्पताल में कल उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवती धोखे से जेंट्स टॉयलेट में पहुंच गई और किसी ने दरवाजा बंद कर दिया। युवती लगभग आधा घंटे तक टॉयलेट में बंद रही, उसने दीवाल फांदकर बाहर आने की कोशिश भी की लेकिन सफल नहीं हो सकी। उसकी चीख पुकार सुनकर लोग टॉयलेट के पास पहुंचे और उसे बाहर निकाला। बताया गया है कि युवती परिजनों के साथ विक्टोरिया अस्पताल अपने किसी परिचित को देखने पहुंची थी। इस दौरान वह गलती से जेंट्स टॉयलेट में चली गई और इसी बीच किसी ने बाहर से टॉयलेट का दरवाजा बंद कर दिया, जिससे हड़कंप मच गया।

# पुरानी रंजिश पर बदमाशों ने की मारपीट

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत ग्राम टिमरी में पुरानी रंजिश पर दो बदमाशों मिलकर ने एक युवक के साथ गालीगलौज व मारपीट कर चोटें पहुंचा दी और जान से मारने की धमकी दी।

माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम टिमरी निवासी 39 वर्षीय छबलाल रैकवार गत रात लगभग 8.30 बजे बेलदारी करके अपने घर जा रहा था तभी रास्ते में गांव के लाली नामदेव एवं पप्पू साहू पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ गालीगलौज करने लगे, मना करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट कर आंख के पास व कमर में चोटें पहुंचा दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



## नीरज सोनी को मिली पीएचडी उपाधि

**मझौली।** शासकीय महाविद्यालय मझौली में वाणिज्य विषय के पद पर कार्यरत नीरज सोनी को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा वाणिज्य संकाय के अंतर्गत स्वरोजगार योजनाओं में जिला उद्योग केंद्र की भूमिका का तुलनात्मक अध्ययन- छिन्दवाड़ा एवं नागपुर जिले के विशेष संदर्भ में विषय पर पी-एच. डी. उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने यह शोध कार्य गोविन्दराम सेकसरिया अर्थ एवं वाणिज्य (स्वशासी) महाविद्यालय, जबलपुर के सह प्राध्यापक डॉ. डी. बी. कोष्टा के निर्देशन में पूर्ण किया है।

# एमपी ट्रांसको के इंजीनियर नयी तकनीकों को अपनाये: दुबे

## प्रमुख सचिव ऊर्जा ने ली अधिकारियों की बैठक



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे ने कहा है कि एमपी ट्रांसको के इंजीनियरों ने अपनी अथक परिश्रम से एम पी पावर ट्रांसमिशन कंपनी को देश की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में से एक बनाया है। उन्होंने कहा कि एम पी ट्रांसको ने अनेक नवाचार किए है। जिसमें ड्रोन द्वारा ट्रांसमिशन टावरों की पेट्रोलिंग जैसे कार्य शामिल है। जिन्हें समूचे देश में सराहना मिली है। उन्होंने एम पी ट्रांसको द्वारा प्रदेश के महानगरों में सबस्टेशन बनाने के लिए भूमि की कमी को देखते हुए कम स्थान में जीआईएस सबस्टेशन बनाये जाने के निर्णयों को उचित बताते हुए कहा कि आने वाले समय में जीआईएस सबस्टेशन के साथ अंडर ग्राउंड सबस्टेशन ही विकल्प रह जायेगा। उन्होंने एमपी ट्रांसको के इंजीनियरों का आव्हान किया कि वे अपनी उपलब्धियों एवं नवाचारों को राष्ट्रीय फोरम में रखें। साथ ही वो सिस्टम में ज्यादा से ज्यादा नवाचार करने के साथ नयी तकनीकों का भी समावेश करें ताकि ट्रांसमिशन सिस्टम समय के साथ अपग्रेड होता रहे। संजय दुबे ने यह बात विगत दिवस जबलपुर में आयोजित एमपी ट्रांसको के अधिकारियों की एक बैठक में कही। उन्होंने बैठक में ट्रांसमिशन लाइनों की ट्रिपिंग और पावर ट्रांसफार्मर फेल्यूर की समीक्षा भी की। उन्होंने ट्रांसमिशन एलीमेंट की सतत निगरानी और उनके त्वरित सुधार के निर्देश दिए। बैठक में एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने प्रमुख सचिव ऊर्जा को कंपनी की वर्तमान गतिविधियों से अवगत कराया।

# फोन कर के घर से बुलाया जलती लकड़ी और चाकू से मारा



**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत गोकलपुर रांझी में तीन बदमाशों ने एक युवक को कॉल कर घर के बाहर बुलाया और बहुत उड़ रहे हो कहते हुए गालीगलौज करने लगे, मना करने पर बदमाशों ने चाकू से और जलती हुई लकड़ी के डंडे से उस पर हमला कर दिया। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर युवक की माँ, बहन और आसपास के लोग आए तो बदमाशों ने जान से मारने की धमकी दी।

रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोकलपुर रांझी निवासी 25 वर्षीय अमन लाडे गत रात लगभग 10 बजे काम से आने के बाद घर पर खाना खा रहा था तभी कृष्णा शुक्ला के मोबाइल से विशाल यादव ने फोन किया और उसे बाहर आने के लिए कहा, वह बाहर निकलकर आया तो विशाल यादव, कबीर वंशकार और कृष्णा शुक्ला आग ताप रहे थे। वह विशाल यादव के पास गया और पूछा क्या बात है तो विशाल यादव बहुत उड़ रहे हो कहते हुए गालीगलौज करने लगा, मना करने पर चाकू से उसकी जांघ पर हमला कर दिया। विशाल ने उसका हाथ पकड़ लिया और कबीर वंशकार ने जलती हुई आग की लकड़ी के डंडे से उसकी कनपटी और कमर व पीठ पर हमला कर दिया। उसकी आवाज सुनकर उसकी माँ वर्षा लाडे, छोटी बहन और आसपास के लोग आए तो जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी विशाल यादव और कबीर वंशकार के विरूद्ध धारा 294, 324, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच मे लिया है।

# लापता युवक का मिला नर कंकाल

**जबलपुर।** रहस्यमय में परिस्थितियों में लापता हुए एक युवक की लाश तिलवारा थाना अतंर्गत शाहनाला के पास कंकाल के रुप में मिली। मृतक का सिर और हाथ गायब थे। गत 6 नवंबर को वह रहस्मय परिस्थिति में गुम हो गया था, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 8 नवंबर को तिलवारा थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस के मुताबिक शव की शिनाख्त 30 वर्षीय लवकुश कोरी उर्फ रोहित के रुप में हुई। बताया गया है कि रोहित पिछले कुछ महीनों से तिलवार शाहनाला के पास रहने वालें अपने रिश्तेदार के घर रह रहा था। 6 नवंबर को वह रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन जब पता नहीं चला तो 8 नवंबर को उसकी गुमशुदगी तिलवारा थाने में दर्ज कराई।

पुलिस उसकी तलाश कर रही थी इस दौरान बीते दिन सुबह नाले में एक नर कंकाल मिलने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कंकाल का हाथ और सिर गायब था। पुलिस के अनुसार नाले के आसपास जानवर रहते हैं, संभवत जानवरों उसके शव को नोंच खाया होगा। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है।

## सड़क दुर्घटना में घायल की मौत

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत शांतिनगर रांझी में गत शाम सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैजनाथ नगर जीसीएफ स्टेट गोकलपुर रांझी निवासी 54 वर्षीय अरविन्द सिंह ठाकुर को गत शाम लगभग 7.30 बजे शांतिनगर रांझी में सड़क दुर्घटना में घायल होने से उपचार के लिए मार्बल सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार दौरान शुक्रवार की सुबह लगभग 9.10 बजे अरविन्द सिंह ठाकुर की मौत हो गई।

# आंगनबाड़ी से लौट रहे मासूम बालक को टैक्टर ने रौंदा

**जबलपुर।** मझगवां थाना अतंर्गत ग्राम छनगवां में गत शाम आंगनबाड़ी से पैदल घर आ रहे एक पांच वर्षीय मासूम को एक टेक्टर चालक ने टक्कर मार दी, जिससे मासूम रोड पर गिर गया और टेक्टर का अगला चका मासूम के ऊपर चढ़ गया जिससे मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं टेक्टर चालक टेक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। मझगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम छनगवां निवासी 5 वर्षीय रचित लोधी गत दिवस आंगनबाड़ी स्कूल छनगवां आया था जहां से वह पैदल अपने घर जा रहा था। दोपहर लगभग 3.15 बजे एक टेक्टर क्रमांक एमपी 20 एए 6624 के चालक ने अपना टेक्टर आगे पीछे किया और पैदल घर जा रहे रचित लोधी को टक्कर मार दी, जिससे रचित लोधी रोड पर गिर गया और टेक्टर का अगला चका रचित के ऊपर चढ़ गया जिससे रचित की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए आरोपी ट्रैक्टर चालक के विरूद्ध धारा 279, 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# स्कार्पियो की टक्कर से ई-रिक्शा में सवार दो महिला घायल

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत शोभापुर ओवर ब्रिज के पास मेन रोड में एक स्कार्पियों वाहन ने एक ई रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें सवार चार सवारी नीचे गिरकर घायल हो गए, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल है। बताया गया है कि चारों हलवाई का काम कर घर वापस आ रहे थे तभी यह हादसा हो गया। वहीं टक्कर मारने वाला स्कार्पियो वाहन चालक मौके से फरार हो गया। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अली नगर खितौला निवासी शेख सलीम गत दिवस अरुणा दास, मंगोबाई साहू, नानबाई यादव के साथ ई-रिक्शा में बैठकर और शेख सलीम का बेटा जान मोहम्मद और भूपत साहू बाईक से हलवाई का काम करने खमरिया जा रहे थे। जहां से वापस आते समय शाम लगभग 6.15 बजे शोभापुर ओवर ब्रिज के पास मेन रोड अधारताल में एक स्कार्पियो क्रमांक एमपी 20 सीए 3511 के चालक ने पीछे से ई-रिक्शा में टक्कर मार दी, जिससे ई रिक्शा में सवार अरुणा दास, मंगोबाई साहू, नान बाई यादव और शेख सलीम ई-रिक्शा के नीचे दब गए जिस वजह से चारों के हाथ, पैर व शरीर में चोटें आ गई। वहीं स्कार्पियों चालक मौके से फरार हो गया। जान मोहम्मद और भूपत साहू ने चारों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 279, 337 तथा 184 मोटर व्हीकल एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।






**श्री रामकंडेय तिवारी-** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के सेवानिवृत अनुविभाग अधिकारी श्री रामकंडेय तिवारी का आज 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे विपुल तिवारी एवं विकास तिवारी के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार 16 दिसंबर को निज निवास स्थान प्लॉट नंबर - 4, बावली लाइन पोलिपाथर रोड, साउथ एवेन्यू मॉल के बाजू से ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रातः 10:30 बजे प्रस्थान करेगी।

**श्री बल्देवराज कोहली-** एपीआर कॉलोनी कटंगा निवासी श्री बल्देवराज कोहली (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय रघुवंशी-** गलगला टोरिया निवासी श्री भगवानदीन रघुवंशी के पुत्र श्री विजय रघुवंशी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुशील कुमार श्रीवास्तव-** संत नगर पोलीपाथर निवासी श्री सुशील कुमार श्रीवास्तव (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम बाई कोरी-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री मुन्नी लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई कोरी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती यशोदा बाई पटेल-** बागड़ी मोहल्ला सदर निवासी श्री सरमन लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती यशोदा बाई पटेल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सूरज प्रसाद चौकसे-** गोरखपुर गुरूद्वारा के पास निवासी श्री सूरज प्रसाद चौकसे (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सविता श्रीवास्तव-** बाजनामठ शास्त्री नगर मेडिकल निवासी श्री कृष्ण सनेही श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती सविता श्रीवास्तव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दयाचंद जाट-** पूर्वी बेलबाग कंजड़ मोहल्ला निवासी श्री दयाचंद जाट (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संजीव शेखर राय-** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कांचघर निवासी श्री संजीव शेखर राय (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चतुर झारिया-** गंगासागर गढ़ा रोड निवासी श्री चतुर झारिया (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती चंद्र कुमारी सोनी-** टेलीग्राफ गेट नं. 4 स्नेहनगर गढ़ा रोड निवासी श्री कोमल प्रसाद सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्र कुमारी सोनी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चूरामन डुमार-** बेलबाग टोरिया निवासी श्री चूरामन डुमार (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती तुलसा बाई बर्मन-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री बेनी प्रसाद बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसा बाई बर्मन (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शिवानी साकेत-** चांदमारी लालमाटी निवासी श्री विष्णु साकेत की धर्मपत्नी श्रीमती शिवानी साकेत (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गोमती बाई लखेरा-** गोरा बाजार केंट निवासी श्री राजेंद्र लखेरा की धर्मपत्नी श्रीमती गोमती बाई लखेरा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175



# सनी ने दिया एनिमल का ऑनेस्ट रिव्यू

**मुंबई।** देओल बंधुओं के लिए यह साल काफी अच्छा रहा। सनी देओल की गदर 2 एक ब्लॉकबस्टर सफलता थी और बॉबी देओल संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल में अपने प्रदर्शन के लिए हर तरफ से प्रशंसा अर्जित कर रहे हैं। अब बॉबी के भाई एक्टर सनी देओल ने भी फिल्म देखी है और अपना रिव्यू शेयर किया है। सनी ने एनिमल की तारीफ की है मगर एक्टर ने यह भी कहा है कि फिल्म में कुछ चीजें ऐसी भी हैं, जो उन्हें पसंद नहीं आई हैं। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में बॉबी के लिए खुश हूं। मैंने एनिमल देखी है और मुझे यह पसंद आई, यह एक अच्छी फिल्म है।

## लाइफ Style




# जाह्नवी
## छोटी बहन को दी सलाह

हिंदी सिनेमा की दिग्गज एक्ट्रेस रहीं श्रीदेवी की बड़ी बेटी जाह्नवी कपूर की तरह छोटी बेटी खुशी कपूर ने फिल्मी दुनिया में डेब्यू कर लिया है। बॉलीवुड की फेमस निर्देशक जोया अख्तर की ओटीटी मूवी 'द आर्चीज' के जरिए खुशी ने हिंदी सिनेमा में कदम रखा है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मौजूदा समय में इस फिल्म को लेकर निर्माता बोनी कपूर की लाड़ली का नाम लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। इस बीच खुशी कपूर की बड़ी बहन जाह्नवी कपूर ने उन्हें एक बड़ी सलाह दी है। जाह्नवी और खुशी में दो बहनों के आधार पर काफी प्यार है। अक्सर सोशल मीडिया पर एक दूसरे की फोटो शेयर कर ये दोनों प्यार लुटाती नजर आती हैं। हाल ही में जाह्नवी से एक इंटरव्यू में खुशी की पहली फिल्म 'द आर्चीज' को लेकर सवाल पूछा गया है। इस पर जाह्नवी ने खुलकर बात करते हुए कहा है, हां मैंने इस फिल्म देखी है। अगर ईमानदारी से कहूं तो मुझे उनका काम अच्छा लगा। जब मेरी उनसे (खुशी) बात हुई तो मैंने सिर्फ उनसे ये कहा कि अब वह हेट यानी नफरत के लिए तैयार हो जाएं, लोग आपको टारगेट करेंगे और बुरा भला कहेंगे। बुरी बातों पर हम यकीन जल्दी कर लेते हैं और सही बातों में ऐसा उल्टा होता। मैंने अपनी बहन से कहा कि की खुद को मत खोइए, परेशान न हो आपने अच्छा काम किया, जो वास्तविकता के आधार पर था, न की बनावटी। इस तरह से जाह्नवी ने खुशी को बड़ी बहन होने के वाते बड़ी सलाह दी। नेटफ्लिक्स फिल्म 'द आर्चीज' में खुशी ने बैट्टी कूपर की भूमिका को अदा किया है।

## हॉलीवुड मसाला




# बॉयफ्रेंड के साथ हुईं रोमांटिक

**लॉस एंजेलिस।** दुनियाभर में अपनी आवाज का जादू चलाने वाली सेलेना गोमेज अक्सर अपने अफेयर को लेकर हेडलाइंस में छाई रहती हैं। जस्टिन बीबर समेत कई लोगों के साथ सेलेना का नाम जुड़ चुका है। अब सेलेना गोमेज म्यूजिक इंडस्ट्री के एक जाने-माने शख्सियत को डेट कर रही हैं और वह हैं बेंजामिन जोसेफ लेविन, जिन्हें बेनी ब्लैंको भी कहा जाता है। कुछ महीनों से सेलेना और बेनी का नाम जोड़ा जा रहा था। हाल ही में, सेलेना ने बेनी के साथ अपने रिश्ते पर मुहर लगा दी और बताया कि वह उनके साथ बहुत खुश हैं।




# माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग का सीक्वल देखना चाहती हैं जूलिया

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस जूलिया रॉबर्ट्स से पूछा गया कि क्या उनके करियर की कोई ऐसी फिल्म है, जिसका वह संभावित सीक्वल देखना चाहेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया 'माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग', जो 1997 में रिलीज हुई थी। रॉबर्ट्स ने कहा,माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग में बहुत सारे लोग हैं और यह देखने के लिए कि वे क्या कर रहे हैं और किम्मी और माइकल की शादी कैसी चल रही है, इसका सीक्वल देखना चाहूंगी। रॉबर्ट्स ने कहा, निश्चित रूप से, जूल्स से है। लेकिन उन्होंने किम्मी से शादी कर ली। जूलिया ने फिल्म में जूलियन नामक एक महिला की भूमिका निभाई, जिसे पता चलता है कि वह अपने सबसे अच्छे दोस्त माइकल (डरमॉट मुलरोनी) से प्यार करती है, लेकिन जब उसे पता चलता है कि वह कॉलेज की छात्रा किम्बर्ली (कैमरन डियाज) से शादी करने जा रहा है, तो वह माइकल को वापस पाने का प्रयास करती है।



# कर्मा कॉलिंग का दमदार टीजर आउट

**मुंबई।** रवीना टंडन की अपकमिंग सीरीज कर्मा कॉलिंग का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में रवीना का शानदार अंदाज देखने को मिल रहा है। ये सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार में रिलीज होगी। रुचि नारायन के निर्देशन में बनी इस सीरीज में रवीना एक अमीर शख्सियत इंद्राणी कोठारी का किरदार निभाती दिखाई देंगी। कर्मा कॉलिंग की रिलीज डेट का ऐलान भी किया गया है। कर्मा कॉलिंग अमीरों की दुनिया की असलीयत बताती है। सीरीज में दिखाया जाएगा कि इंद्राणी कोठारी की ग्लैमर और चकाचौंध से भरी दुनिया में कितना धोखा भरा है। ये सीरीज 26 जनवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है। रवीना ने बताया कि वह इस सीरीज के साथ जुड़कर बहुत खुश हैं। उन्होंने इससे पहले कभी भी ऐसा किरदार नहीं निभाया।



# फाइटर का गाना शेर खुल गए रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'फाइटर' का गाना 'शेर खुल गए' रिलीज हो गया है। डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने इस पार्टी सीजन सॉन्ग के साथ अपनी फिल्म के म्यूजिकल सफर की शानदार शुरुआत कर दी है। धमाकेदार डांस बीट्स से भरपूर, 'शेर खुल गए' आपके पार्टी के जज्बे को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का वादा करता है। अपने कमाल के डांसिंग स्किलस के लिए मशहूर ऋतिक रोशन भी सरप्राइज करने में फेल नहीं होते हैं। इस गाने में उनके डांस मूव्स बेहद शानदार हैं। साथ ही वो हर कदम पर जादू बिखेरते हुए इस गाने को दर्शकों के लिए एक सदाबहार ट्रीट बनाते हैं। इसके अलावा गाने में करण सिंह ग्रोवर, संजीदा शेख और अक्षय ओबेरॉय ने जोशिला माहौल बनाया है। 'शेर खुल गए' गाने को विशाल ददलानी, शेखर रावजियानी, बेनी दयाल और शिल्पा राव ने अपनी आवाज दी हैं।


## टीवी मसाला



# सुगंधा ने बेटी को दिया जन्म बेबी गर्ल का शेयर किया फोटो

**मुंबई।** कॉमेडियन सुगंधा और संकेत भोसले माता-पिता बन गए हैं। हाल ही में, सुगंधा ने अपने बेटी को जन्म दिया है। उनके पति संकेत ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ ये गुडन्यूज शेयर की है। सिंगर, एक्ट्रेस और कॉमेडियन सुगंधा मिश्रा ने अक्टूबर महीने में अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की थी। अब अभिनेत्री ने शादी के ढाई साल बाद अपने पहले बेबी का स्वागत किया है। सोशल मीडिया पर एक क्यूट वीडियो के जरिए संकेत ने बेबी गर्ल के जन्म की जानकारी दी। संकेत भोसले ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हॉस्पिटल से एक वीडियो शेयर किया है। क्लिप में संकेत कहते नजर आ रहे हैं कि वह पिता बन गए हैं। उन्होंने अपनी पत्नी सुगंधा की भी झलक दिखाई, जिनके चेहरे पर बेटी के जन्म की खुशी साफ जाहिर कर रही है। संकेत ने अपनी लाडली की पहली फोटो शेयर की, जिसमें वह और सुगंधा अपनी लाडली के साथ फोटो खिंचवा रहे हैं। हालांकि, संकेत ने बेटी के चेहरे को इमोजी से ढक दिया। रोहित रॉय समेत बाकी सेलेब्स और फैंस उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। सुगंधा मिश्रा को कॉमेडी शो 'द कपिल शर्मा शो' से पॉपुलैरिटी मिली है। वह शो में अपनी कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों को हंसाने का कोई मौका नहीं छोड़ती थीं। कॉमेडी के अलावा सुगंधा एक शानदार सिंगर भी हैं, जो सा रे गा मा पा के मंच पर भी अपनी आवाज का जादू चला चुकी हैं।

# वैष्णवी हुईं मारपीट का शिकार मदद की लगाई गुहार




टीवी अभिनेत्री वैष्णवी धनराज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें एक्ट्रेस मदद की गुहार लगाती हुई दिख रही हैं। वैष्णवी के चेहरे और शरीर पर चोट कई निशान हैं। वीडियो में एक्ट्रेस ने कहा कि उनके साथ परिवार वालों ने मारपीट की है। वैष्णवी ने अपना एक वीडियो जारी करते हुए खुद के साथ हुए हाथापाई के बारे में बताया और सभी से मदद करने के लिए रिक्वेस्ट की। एक्ट्रेस ने अपने चेहरे, होंठ और हाथ पर लगे चोट के निशानों को भी कैमरे पर दिखाया। वैष्णवी धनराज ने बताया कि उन्होंने ये वीडियो पुलिस स्टेशन से शूट किया है। वैष्णवी ने वीडियो में कहा, नमस्ते, मैं वैष्णवी धनराज हूं।

# परिवार के साथ तिरुपति बालाजी पहुंची दीपिका



मुंबई। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अपनी आगामी फिल्म फाइटर को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपने परिवार के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन करने गईं। दीपिका अपनी मां, पिता और बहन के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। शेयर किए गए वीडियो में अभिनेत्री को सुबह-सुबह भगवान के दर्शन करते हुए देखा गया। उन्होंने फैमिली के साथ मंदिर में माथा टेका। इस दौरान दीपिका पादुकोण ट्रेडिशनल लुक में नजर आईं। उन्होंने बेज कलर का एथनिक आउटफिट पहना था। कानों में चांद बालियां, हेयर बन और लाल कलर की चुनरी ओढ़ी दीपिका हमेशा की तरह सुंदर लग रही थीं। दीपिका का ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

# डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करेंगे सिद्धार्थ




**मुंबई।** एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा अब रोहित शेट्टी के कॉप्स वर्ल्ड का हिस्सा बन चुके हैं। वह जल्द ही रोहित शेट्टी की डेब्यू सीरीज 'द पुलिस फोर्स' से ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। सिद्धार्थ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू कर रहे हैं। 'इंडियन पुलिस फोर्स' के निर्देशक-निर्माता रोहित शेट्टी ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कॉप एक्शन ड्रामा वेब सीरीज का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इसमें आंखों पर चश्मा लगाए और पुलिस आधिकारिक लुक में सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आ रहे हैं। उनके साथ ही विवेक ओबेरॉय और शिल्पा शेट्टी भी पोस्टर में दिखाई दे रहे हैं। रोहित शेट्टी ने बताया कि इस सीरीज का टीजर 16 दिसंबर को रिलीज किया जाएगा। इंडियन पुलिस फोर्स' सीरीज 19 जनवरी को रिलीज हो रही है। ये वेब सीरीज दुनियाभर में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी।

## अपने अभिनय से सिल्वर स्क्रीन पर मचाएंगे धूम

# नए साल में देखने मिलेंगी रोमांचक जोड़ियां

एजेंसी ⏭ मुंबई

जैसे-जैसे वर्ष 2024 सामने आएगा, बॉलीवुड प्रेमी खुद को ताज़ा और आकर्षक ऑन-स्क्रीन जोड़ियों की एक श्रृंखला के लिए तैयार कर सकते हैं जो अपनी केमिस्ट्री और करिश्मा के साथ सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाने का वादा करती हैं। हाई-ऑक्टेन एक्शन से लेकर दिल छू लेने वाले रोमांस तक, आगामी रिलीज विभिन्न प्रकार की शैलियों का दावा करती है, जो यह सुनिश्चित करती है कि हर सिनेमा प्रेमी के लिए कुछ न कुछ हो। आइए गतिशील जोड़ी और उनकी बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं पर एक नज़र डालें।



### विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना - चावा

लक्ष्मण उतेकर ने चावा में विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना को निर्देशित किया है। चूंकि इस महीने उनकी संबंधित फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकरा रही हैं, प्रशंसक 6 दिसंबर, 2024 को इस आगामी रिलीज में उनके पहले सहयोग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा - योद्धा



एक्शन से भरपूर फिल्म /"योद्धा/" में एक ताजा जोड़ी ने प्रशंसकों को उत्सुक कर दिया है। राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा इस आगामी थ्रिलर में स्क्रीन पर तीव्रता और जोश लाने के लिए तैयार हैं।

### शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े - देवा

/"देवा/" में शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े के साथ दशहरा मनाएं। एक हाई-प्रोफाइल मामले की जांच कर रहे एक विद्रोही पुलिस अधिकारी की यह गहन कहानी दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखने का वादा करती है।

### कृति खरबंदा और सनी सिंह - रिस्की रोमियो

/"रिस्की रोमियो/" में कृति खरबंदा और सनी सिंह के साथ एक रोलरकोस्टर सवारी के लिए तैयार हो जाइए। यह होनहार जोड़ी इस रोम-कॉम में हंसी, प्यार और शायद जोखिम की खुराक देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति - मेरी क्रिसमस

अपनी मूल रिलीज़ 8 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी, 2024 तक स्थानांतरित होकर, मेरी क्रिसमस कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की अप्रत्याशित लेकिन दिलचस्प जोड़ी को एक साथ लाती है। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक आनंदमय सिनेमाई आश्चर्य होने की उम्मीद है।



# जो मुश्किल नहीं है वो प्यार नहीं : मौनी

**मुंबई।** 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' की मेजबानी कर रही अभिनेत्री मौनी रॉय ने शो में रिश्तों के भीतर की चुनौतियों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वास्तविकता एक बार फिर कल्पना से अधिक विचित्र साबित हुई है। मौनी ने कहा, जो कभी विला में रहते थे, वे अब सार्थक संबंधों में विकसित हो गए हैं। प्यार का अंतिम फैसला सुनाना आसान काम नहीं होगा। इस शो ने मात्र आकर्षण को रिश्तों के बारे में गहन अहसास में बदल दिया है। सही ही कहते हैं, जो मुश्किल नहीं है, वो प्यार नहीं है। उन्होंने आगे जोर देकर कहा, मैंने शो में व्यक्तियों को महत्वपूर्ण परिवर्तनों से गुजरते हुए, मजबूत और आत्मविश्वासी व्यक्तित्व के रूप में विकसित होते देखा है। साथ ही कई लोगों ने अपनी पूरी क्षमता से अपने संबंधों की गहराई का पता लगाया। मैं वास्तव में इन जोड़ों के जीवन में खुल रहे अध्यायों को देखने के लिए उत्सुक हूं।

## सार्वजनिक स्थानों से अलाव नदारत, गरीबों की फजीहत

# पारा 7 डिग्री पर, गलाव भरी ठण्ड से छूट रही कंपकंपी



**जबलपुर।** जबलपुर में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। ठंड व शीतलहर के चलते जनजीवन प्रभावित है। हवा में नमी बढ़ने से गलन अधिक हो गई है। इन हालातों के बावजूद नगर निगम के कर्णधारों को सार्वजनिक स्थानों पर अलाव लगाने की आवश्यकता महसूस नहीं हो रही है। खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने वाले ठिठुर रहे हैं। शहर के सार्वजनिक स्थान रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड, रिक्शा स्टेण्ड, बल्देवबाग, बड़े महावीर, छोटे महावीर, नगर निगम, सिविक सेंटर, गौरीघाट, रानीताल चौक, लेबर चौक, क्षेत्रीय बस स्टेण्ड दमोहनाका में अलाव नजर नहीं आ रहे हैं। शुक्रवार को इस सीजन की सबसे सर्द रात रही, जब पारा 7 डिग्री पर लुढ़क आया। पिछले दो दिनों से शहर में कड़ाके की ठण्ड का दौर चल रहा है। सुबह शाम गलाव भरी ठण्ड और दोपहर में शीतलहर ने जनजीवन को प्रभावित कर रखा है। चौबीसों घंटे लोग गर्म वस्त्रों से लदे नजर आ रहे हैं। रात को सड़के जल्दी वीरान हो जाती हैं। ठण्ड से बचने लोग जल्दी घरों में दुबक जाते हैं। वहीं दूसरी ओर सुबह दिनचर्या देर से शुरू होती है। सुबह स्कूल जाने में बच्चों को खासी परेशानी हो रही है। लेकिन अभी तक प्रायवेट और सरकारी स्कूलों का समय नहीं बदला। जबकि तापमान दिन प्रतिदिन नीचे लुढ़क रहा है। हवा में गलन बढ़ रही है, जिससे ठण्ड बढ़ रही है। मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 75 प्रतिशत और सायंकाल 56 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्येदय सुबह 6.44 बजे और सूर्यास्त शाम 5.27 बजे हुआ। उत्तरी हवायें 2 से 3 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे ठण्डा जिला राजगढ़ रहा, जहां न्यूनतम तापमान 7 डिग्री तक नीचे लुढ़क गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 27.2 और न्यूनतम तापमान 15.0 डिग्री दर्ज किया गया था।

### ठंड से पहली मौत दर्ज

कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने वालों के लिए ठंड अब मौत बनकर टूट रही है। ओमती थाना क्षेत्र में तैय्यबअली पेट्रोलपंप के पास ठंड से एक वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक 70 साल के अज्ञात व्यक्ति भिक्षा मांगकर जीवन यापन करता था और तैय्यबअली पेट्रोलपंप की बगल से बनी एक बेकरी की पट्टी में सो जाता था। पुलिस का कहना है कि ठंड की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है।


### स्कूलों का समय बदला जाए

पारा अब सितम ढा रहा है। स्कूले अभी भी 7 बजे से लग रही हैं। शीतकालीन प्रारंभ होने में अभी 10 दिन है। सुबह-सुबह कड़ाके की ठंड होने की वजह से नर्सरी से लेकर आठवीं तक के बच्चों को खासी परेशानी हो रही हैं। बच्चों को सुबह 6 बजे से उठकर नहाना धोना मुश्किल हो रहा हैं ऐसे में सुबह के वक्त लगने वाली कक्षाओं में समय परिवर्तन की मांग उठने लगी है। जिला कलेक्टर से कई संगठनों ने आव्हान किया है कि केजी से आठवीं तक की शालाएं सुबह 9 बजे से लगाई जाए।



## श्रीराम मंदिर मदन महल में अयोध्या से आयेंगे अक्षत कलश

**जबलपुर।** आगामी 22 जनवरी 2024 को श्री राम जन्मभूमि मंदिर (गर्भगृह) अयोध्या में प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित होगा। इसी श्रृंखला में श्री राम मंदिर अयोध्या से आये अक्षत कलश श्री राम मन्दिर मदन महल में 16 दिसंबर 2023 दिन शनिवार को स्थापित किया जा रहा है। 16 दिसंबर 2023 दिन शनिवार को दोपहर 3 बजे श्री राम मन्दिर मदन महल से टू वहीलर में अपने इष्ट मित्रों के साथ लेकर गौरीघाट से अक्षत कलश को भव्य शोभायात्रा के रूप मे ब.संध्या 5 बजे मदन महल चौक विरमानी टायर ( दशमेश द्वार) से मातृ शक्ति के साथ श्री राम मन्दिर मदन महल आयेंगे। कलश यात्रा मे शामिल होने का आग्रह पं राम कुशल पांडे,अध्यक्ष गुलशन मखीजा, गीता पांडे व श्री राम मंदिर मदन महल समिति ने किया है।



## बरगी विधायक ने प्रारंभ किये जनसेवा के कार्य

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विधानसभा बरगी 96 के नव निर्वाचित विधायक नीरज सिंह ठाकुर ने भोपाल से लौटकर बिना आराम किये काम शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं सदैव जन कल्याणकारी कार्यों के लिए प्रयासरत रहूँगा और चाहूंगा कि बरगी विधानसभा एक विकासशील क्षेत्र के रूप में उभरे और जनता के चेहरे पर खुशी आये। यह एक कृषि प्रधान क्षेत्र है और मैं अपने काम का पहला दिन किसान भाईयों को समर्पित करना चाहता हूँ। जबलपुर आकर उन्होंने शहपुरा के अंतर्गत आने वाले धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों से मिलकर अनियमितताओं को ठीक करने के निर्देश दिये ताकि किसानों को असुविधा ना हो। इस दौरान तहसीलदार शहपुरा, खाद्य अधिकारी, विभागीय अधिकारियों सहित क्षेत्र के सभी किसान भी उपस्थित रहे।

## एबीवीपी के नवनिर्वाचित प्रदेश मंत्री के स्वागत में निकली रैली



**जबलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकोशल प्रांत के नवनिर्वाचित प्रांत मंत्री माखन शर्मा जो की जबलपुर से हैं दिल्ली में आयोजित हुए परिषद के 69वे राष्ट्रीय अधिवेशन में अपना दायित्व ग्रहण कर आज अपने शहर लौटे। इस अवसर पर नवनिर्वाचित प्रांत मंत्री का रेलवे स्टेशन में फूल माला, ढोल नगाड़े सहित आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया गया एवं वाहन रैली निकाली गई , करमचंद चौक स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया एवं मालवीय चौक में कार्यकर्ताओं द्वारा रैली का पुष्पवर्षा एवं आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया गया।माखन शर्मा ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जैसे राष्ट्रवादी छात्र संगठन से जुड़ने का उन्हें गर्व है एवं सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। स्वागत रैली के दौरान ऐश्वर्य सोनकर, अनमोल मिश्रा, आर्यन पुंज, अरिन पांडेय, मयूर दत्त, शुभम रजक, आयुष सोनकर, सार्थक तिवारी, आयुष यादव , सुनील साहू, नमन मिश्रा एवं बड़ी संख्या में सैंकड़ों कार्यकर्ता एवं छात्र उपस्थित रहे।

## कार्तिक पूर्णिमा परिक्रमा फोटोग्राफी प्रतियोगिता फोटो जमा करने की अंतिम तिथि 19 दिसंबर

**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा कार्तिक पूर्णिमा 27 नवंबर सोमवार को सुबह से रात तक परिक्रमा की सौंदर्य फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया उसमें जो फोटो उतारी गई है जमा करने की अंतिम तारीख 19 दिसंबर मंगलवार तक जमुना सभागृह एवं मुकुल यादव के यहां जमा कर सकते हैं जिसका इनाम 24 दिसंबर रविवार रानी दुर्गावती संग्रहालय में सुबह 9:00 किया जाएगा।जिसमें 12 बाई 18 की 5-5 फोटो जमा करना होगा प्रथम पुरस्कार 11 हजार, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार, तृतीय पुरस्कार 3 हजार एवं 10 सांत्वना पुरस्कार एक 1 हजार की दिए जाएंगे यह 396 नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा है प्रतियोगिता का सातवां वर्ष है। कार्यक्रम संयोजक शीर्ष अग्रवाल एडवोकेट प्रणव अग्रवाल सीए शेरु अलंकार मुकुल यादव आदि ने प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है।

## मंत्रिमंडल को लेकर विभिन्न संगठनों की बैठक आज

**जबलपुर।** मंत्रीमंडल में जबलपुर को आवश्यक स्थान मिलें, जबलपुर में कैबिनेट बैठक आयोजित करे, इन मुद्दों को लेकर 16 दिसंबर को दोपहर 1 बजे घंटाघर के पास विभिन्न संगठनों द्वारा जनजागृति अभियान किया जाएगा। इस अभियान में नागरिक उपभोक्त मार्गदर्शक मंच, वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, पेंशनर समाज, सीनियर सिटीजन संघ, महिला समिति, किसान समिति, सेवा निवृत्त डिप्लोमा इंजी.संघ आदि अनेक सामाजिक संगठन शामिल होंगे।




## स्वच्छता अभियान के अंतर्गत एल्गिन हॉस्पिटल के सामने किया श्रमदान

**जबलपुर।** नगर पालिक निगम जबलपुर की सहयोगी संस्था (ओम साईं विजन) टीम द्वारा जबलपुर नगर के जोन क्रमांक 11 एवं वार्ड नं 54 (पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड) में नगर निगम के एएचओ सुनील गुजरती एसआई सोमनाथ एवं पार्षद पति रंज्जू ठाकुर और समस्त गणमान्य नागरिकों द्वारा एल्गिन हॉस्पिटल के सामने श्रम दान गतिविधि के तहत शहर मे साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश देते हुए नगर निगम के कार्यों में सहयोग करने की अपील की गई। स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगरीय निकायों में जबलपुर शहर को स्वच्छ बनाने हेतु सहयोग प्रदान करने क़े लिए नागरिकों को जागरूक कर संवेदनशील बनाया गया।

## गरीब नवाज कमेटी ने दो मृतकों का किया अंतिम संस्कार

**जबलपुर।** पुल नम्बर-2 एसबीआई कार्यालय के सामने रहीम साह उम्र 45 वर्ष पिता गप्पू साह निवासी गोसलपुर का बीमारी के चलते निधन हो गया। मृतक का शव लेकर उसके परिवार के लोग बैठे हुए थे, जिनके पास अंतिम संस्कार के लिए पैसे नहीं थे, जिसकी जानकारी गरीब नवाज कमेटी को राहगीरों द्वारा लगी, जहां पहुँचकर गरीब नवाज कमेटी के सदस्यों को परिवारजनों ने बताया कि मृतक काफी समय से बीमार था, जिसकी बीमारी के चलते मौत हो गई। गरीब नवाज कमेटी के द्वारा शव वाहन में मृतक और उसके परिवार को मंडी कब्रिस्तान ले जाया गया, जहाँ मृतक के बच्चों के हाथों रहीम साह को सुपुर्दे खाक कराया गया।इसी प्रकार राजस्थान, पुष्कर निवासी अब्दुल उम्र लगभग 45 वर्ष राजस्थान पुष्कर से परिवार सहित जबलपुर में आकर पिछले चार-पांच दिनों से भीख मांगकर अपना जीवन यापन कर रहा था, 14 दिसम्बर की रात शीत लहर के कारण अब्दुल की तबियत बिगड़ गई तो वह अपने भाई मजनू के साथ जिला अस्पताल विक्टोरिया कैजुअल्टी पहुंचा जहां उसने केजुअल्टी में ही दम तोड़ दिया। जिसकी जानकारी केजुअल्टी से गरीब नवाज कमेटी को मिली



जिसके बाद गरीब नवाज कमेटी द्वारा मृतक को सुपुर्दे खाक मंडी कब्रिस्तान में मृतक के परिवार के हाथों कराया गया। दोनों ही मृतकों के अंतिम संस्कार में गरीब नवाज कमेटी के हाजी नईम, मो. फ़ैज़, माज़द दूध वाला, मो. करीम, दीपक निगम, चंदू ठाकुर, बाबू खान ने सहयोग प्रदान किया।




## एक दिवसीय सेमिनार में लॉ स्टूडेंट्स को दी गई जानकारियां

**जबलपुर।** सरदार पटेल लॉ कॉलेज, पिपरिया, खमरिया, कुंडम रोड, जबलपुर में आज मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद भोपाल के सहयोग से एक दिवसीय सेमिनार का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ, महाविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में छात्र-छात्राओं द्वारा अपनी थीम पर पेपर प्रस्तुत किए गए , संस्था के संचालक इंजी. प्रभात दुबे ने बताया कि इस तरह के सेमिनार और कार्यशालाओं से छात्र-छात्राओं के बौद्धिक विकास के साथ-साथ व्यावहारिक और सामाजिक ज्ञान को विकसित करना और परिपूर्ण अधिवक्ता के रूप में तैयार करना है, इस एक दिवसीय सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में धर्मशास्त्र विश्वविद्यालय के कुलपति शैलेश हाडली एवं विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड थाना प्रभारी राजेंद्र तिवारी अपस्थित रहे।

## आगामी माह में प्रस्तावित ब्राह्मण बटुक एवं निशुल्क परिचय सम्मेलन के लिए निशुल्क रजिस्ट्रेशन शुरु

### उपकार्यालय गढ़ा रोड़ कछपुरा में संपर्क करने का अनुरोध



**जबलपुर।**

परशुराम धाम ग्वारीघाट उपनयन संस्कार एवं परिचय सम्मेलन पूर्णतया निशुल्क होगा अति शीघ्र मंच के संस्थापक सदस्य डॉ अरुण मिश्रा एवं यदुवंश मिश्रा पंडित धनंजय बाजपेई ने संयुक्त रूप से बताया मंच की परंपरा के अनुसार बटुक एवं निशुल्क परिचय सम्मेलन विगत 11 वर्षों से संस्कारधानी में आयोजित होता आया है जिसमें सभी ब्राह्मण समाज के लोग शामिल होते हैं यह कार्यक्रम जनवरी अथवा फरवरी माह में आयोजित होगा जो हमारी परंपरा के अनुसार होगा मंच संस्कारधानी एवं अन्य जिलों से निशुल्क रजिस्ट्रेशन हमारे उप कार्यालय गढ़ा रोड कछपुरा ब्रिज के पास, ब्रिज बाइक सेंटर में जिन्हें उपनयन संस्कार अथवा परिचय सम्मेलन में शामिल होना है पूर्णता निशुल्क अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं रजिस्ट्रेशन शुभारंभ हो चुका है। आरती के प्रमुख जजमान श्रीमती मीरा दुबे सीताराम कुरचानिया, रावेंद्र तिवारी सुधाकर मिश्र राजकुमार दुबे धनंजय बाजपेई डॉक्टर अरुण मिश्रा यदुवंश मिश्रा केके दुबे मधुबाला दुबे पुष्पा तिवारी जागृति मिश्रा केके शुक्ला सुनीता गिरीश पांडे आदि उपस्थित रहे।



## खेरमाई मंदिर खमरिया का स्थापना दिवस मनाया गया

**जबलपुर।** स्वयं सिद्ध खेरमाई माता खमरिया का स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शतचण्डी पाठ, पूजन एवं माता की चौकी में प्रसिद्ध भजन गायक राजेश कपूर, नयन कपूर एवं साथियों के द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई, साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक विनोद कुमार, हरीश राय, सूर्यनारायण ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## बहुमूल्य परंपरागत किस्मों को संरक्षित एवं संवर्धन की दिशा में जनेकृविवि की गौरवशाली उपलब्धि : कुलपति

**जबलपुर।**

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा एवं संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतू के मार्गदर्शन में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा सतत रूप से किसानों की उन्नति व उत्तरोत्तर प्रगति के क्षेत्र में लगातार कार्य किये जा रहे हैं, जिससे किसानों की आय बढ़े और विकसित भारत की दिशा एक पहल हो सके साथ ही पौष्टिक भोजन आम जनता की थाली में पहुंच सकें। इसी श्रृंखला में विश्वविद्यालय द्वारा पुरानी व क्षेत्र विशेष की बहुमूल्य किस्मों को संरक्षित एवं संवर्धन के साथ ही गुणवत्ता के मानक को बनाए रखते हुये इन किस्मों का अधिकार व




संरक्षण, कृषकों को मिले, इस क्षेत्र में लगातार प्रयास किया जा रहा था, और अभी तक कुल 153 किसान की किस्मों का पंजीयन हो चुका है। इस गौरवशाली उपलब्धि पर कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने विश्वविद्यालय के प्लांट वैरायटी प्रोडक्शन सेल की प्रभारी डॉ. स्तुति शर्मा वैज्ञानिक, डॉ. शिवरामाकृष्णन, वैज्ञानिक एवं डॉ. निधि पाठक, वैज्ञानिक सहित पूरी टीम को बधाईयां प्रेषित करते हुये कहा कि किसानों के हित में यह एक अनूठी पहल है, और कृषि वैज्ञानिकों की अथक मेहनत एवं परिश्रम का फल है कि पुरानी किस्मों का संरक्षण, संवर्धन एवं इन्हें सहेजने का बहुत ही उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है, जिससे किसानों को इसका फायदा होगा। इस गौरवशाली उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा, संचालक अनुसंधान सेवाये डॉ. जी.के. कौतु, संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस.के. पांडे सहित पूरी टीम को शुभकामनायें एवं बधाईयां प्रेषित की है।



## जश्ने पंजेतन मनाया गया

**जबलपुर।** जश्ने पंजेतन व उर्स अमीरुल औलिया एवं सूफी सैय्यद मोहम्मद अख्तर हुसैन गुल बाबा अशरफी का सालाना उर्स सदर जामा मस्जिद के सामने मनाया गया। इस मौके पर बाद नमाज़ मगरिब लंगर ए आम का एहतेमाम किया गया जिसमे बड़ी तादाद में लोगों ने शिरकत की। रात्रि 9 बजे महफिले सिमा का एहतेमाम किया गया जिसमे भारत के मशहूर कव्वाल मुकर्रम वारसी ने अपने सूफियाना कलाम पेश किये अक़ीदतमंदो ने कलामो पर दिल खोलकर नज़राना पेश किया, अंत मे सालातो सलाम व दुआ के साथ उर्स का समापन हुआ। उर्स कमेटी के अध्यक्ष अमीररुद्दीन, अकबर खान, अशफाक कुरैशी, इकबाल, माबूद भाई, शफीक भाई, रफीक भाई, तनवीर भाई, अल्ताफ भाई, अशफाक भाई, इम्मू भाई सिकंदर भाई ने उर्स मे शिरकत हुए लोगों का शुक्रिया अदा किया और मुल्क की तरक़्क़ी खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई।